दैनिक भास्कर इंदौर, सोमवार. 27 अक्टूबर, 2014 8

आईजी कपूर को डिज्नी कंजर्वेशन हीरो का सम्मान

डिज्नी ने वन्य जीवन संरक्षण के लिए सम्मानित किया

भास्कर संवाददाता|इंदौर

अंतरराष्ट्रीय संस्था डिज्नी ने पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) डायरेक्टर व आईजी वरुण कपूर को वन्य जीवन संरक्षण अभियान के लिए सम्मानित करते हुए प्रशंसा पत्र भेजा है। वहीं हाल ही में नोबल पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी की संस्था बचपन बचाओ आंदोलन ने भी आईजी कपूर को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेमिनार के लिए प्रशंसा पत्र भेजा है। इस तरह का सम्मान और प्रशंसा पाने वाले आईजी कपूर मध्य भारत के पहले पुलिस अधिकारी हैं। उन्होंने बताया पीआरटीएस में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता के साथ ही मानव तस्करी और वन्य अपराधों के खिलाफ लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाता है, जिसमें देश-विदेश के एक्सपर्ट्स पुलिस व वन विभाग के अधिकारियों को ट्रेनिंग देते हैं। उन्होंने बताया वन्य अपराधों के खिलाफ पीआरटीएस में अंतरराष्ट्रीय संस्था डब्ल्यूडब्ल्यूएफ और फ्री लैंड के साथ प्रदेश स्तरीय ट्रेनिंग प्रोग्राम भी हो चुके हैं।